# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–08 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ते एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए तीस हजार करोड़ के समर्थन को मंजूरी दी है। साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस में लक्षित सब्सिडी को बारह हजार करोड़ की राशि के साथ जारी रखने का भी फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने चार हजार दो सौ करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ बहुविषयक शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में अनुसंधान सुधार–एमईआरआईटीई योजना के लिए बजटीय सहायता को मंजूरी दे दी है।

**********

रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार उर्वरकों की तस्करी और जमाखोरी रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में आज उन्होंने कहा कि सरकार उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और हेराफेरी पर नियमित रूप से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने ऐसे मामलों में प्रदेश सरकार की भूमिका का भी उल्लेख किया।

**जहां तक लखीमपुर खिरी का सवाल है बॉर्डर डिस्ट्रिक है और यह प्रदेश की जिम्मेदारी है कि वह बॉर्डर डिस्ट्रिक पर होर्डिंग को रोके और स्मगलिंग को रोके और इसमें जो हमारा है वह एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट का 1955 ये आता है और इसमें फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 के तहत इसको रोकना और किसानों तक पहुंचाना इसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की है और स्टेट गवर्नमेंट को पूरी ताकत दी गई है कि वो स्मगलिंग को रोके।**

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में बादल छाये हुए हैं और रूक रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी तो कुछ जगहों पर हल्की वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। वर्षा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। कई स्थानों पर जल जमाव के चलते जनजीवन प्रभावित भी हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी तीन–चार दिन तक प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में रूक रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है। उधर, लगातार हो रही वर्षा और विभिन्न बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के कई जिलों में नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। हालांकि वाराणसी सहित कई जिलों में गंगा नदी के जलस्तर में आज सुबह से गिरावट दर्ज की जा रही है। एक रिपोर्ट–

***वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, मिर्जापुर और प्रयागराज में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। हलांकि उसके जलस्तर में आज सुबह से पांच सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गिरावट दर्ज की जा रही है। जौनपुर में गोमती नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गयी है। गोमती के जलस्तर में वहां बढ़ोत्तरी हो रही है। अयोध्या में सरयू नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए तटवर्ती सभी जिलों में बाढ़ चौकियां स्थापित की गयी हैं और लोगों के बचाव के लिये एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम लगायी गयी है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

आज काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह पर प्रदेश भर में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के काकोरी शहीद स्मारक पर आज आयोजित समारोह में हिस्सा लिया और वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह हमारी वर्तमान पीढ़ी के लिए एक नई प्रेरणा है। उन्होंने अपील की कि इस मौके पर सभी लोग संकल्प लें कि राष्ट्र भक्ति का ज्वार जन–जन के ह्रदय में प्रतिष्ठित हो।

कुशीनगर जिले के राजकीय बौद्ध संग्रहालय में इस मौके पर संगोष्ठी और छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वहीं, जौनपुर में इस अवसर पर आयोजित समारोह में जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह ने हिस्सा लिया । वहां काकोरी ट्रेन एक्शन की महत्ता के बारे में सभी वक्ताओं द्वारा चर्चा की गयी।

**********

प्रदेश के नगर परिवहन और परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए आज सुबह छह बजे से एक सहयात्री के साथ निःशुल्क यात्रा की सुविधा लागू हो गई है। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार की ओर से यह व्यवस्था दस अगस्त को रात में बारह बजे तक जारी रहेगी।

**********

बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना क्षेत्र के राजा बाजार के पास रोडवेज की एक चलती बस पर आज सुबह पेड़ गिर जाने से पांच लोगों की मौत गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर तौर पर घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं।

**********